संबंधी बकाया राशि की मात्रा का निर्धारण करने के लिए अधिनियम की धारा 7-क के अधीन कार्यवाही भी शुरू की है ।

जबलपुर-गोन्दिया लाइन को बड़ी लाइन में बदलना

2056. **श्री मुन्देर शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जबलपुर-गोन्दिया मीटर गेज लाईन को बड़ी लाईन में बदलने सम्बन्धी कोई योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या लागत आएगी ;

(ग) योजना कब कार्यान्वित होनी शुरू हो जाएगी; और

(घ) योजना का कार्य कब तक पूरा हो जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ): (क) से (ग). गोन्दिया-जबलपुर छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिए प्रारम्भिक इंजीनियरी-एवं-यातायात सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट की दक्षिण-पूर्व रेल प्रशासन द्वारा समीक्षा की जा रही है और आशा है कि यह रिपोर्ट दो एक महीने में प्रस्तुत कर दी जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त हो जाने और सभी पहलूओं, जिनमे वित्तीय अर्थ क्षमता और धन की उपलब्धता भी शामिल है, से उसकी जांच कर लिये जाने के बाद ही इस सम्बन्ध में कोई विनिश्चय किया जायेगा।

Rolling Stock Procurement Programme

2057. SHRI JYOTIRMOY BOSU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether, as reported in the *Business Standard*, Calcutta, of the February, 1980 the rolling stock procurement programme of the Railways is being slashed from the earlier projected 20,000 wagons (in terms of four-wheelers) to only 13,500 for 1980-81; and

(b) if so, the facts thereof and the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b). Procurement of wagons is arranged by the Railways taking into account the traffic demands and the availability of funds from year to year. Consistent with the allocaton of funds for 1980-81. procurement of 8,5000 wagons in terms of four-wheelers has been planned. There was no proposal to acquire 20.000 wagons in terms of four-wheelers during 1980-81.

रुग्ण मिलों में कर्मचारी और श्रम दिवसों की हानि

2058. **श्री राम विलास पासवान :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रिर्जव बैंक/भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा रूग्ण घोषित गए 313 मिलों में से प्रत्येक में गत तीन वर्षों से, वर्षवार विभिन्न श्रेणियों के कितने प्रशिक्षित और अप्रशिक्षित कर्मचारी काम कर रहे है;

(ख) उनका उद्योग-वार और राज्य-वार वार्षिक ब्यौरा क्या है और उपरोक्त अवधि के दौरान इन मिलों में हड़तालों और तालाबन्दी के आंकड़े क्या है; और

(ग) उपरोक्त कम्पनियों में हड़तालों और तालाबन्दी के परिणामस्वरूप श्रम दिवसों की जो हानि हुई है उसका उद्योग वार और राज्यवार ब्यौरा और आंकड़े क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन और श्रम मंत्री (श्री जे. बी. पटनायक): (क) से (ग). अपेक्षित सूचना संबंधित स्रोतों से एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जाएगी।

अहमदाबाद और जबलपुर के बीच सीधी रेल सेवा

2059. **श्री मुन्देर शर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जबलपुर और कटनी के व्यापार और वाणिज्य के लिए अहमदाबाद मंडी बहुत